कांच उद्योग विकास केंद्र (CDGI)

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार

A-1/1, औद्योगिक क्षेत्र, जलेसर रोड, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश – 283203

वेबसाइट: www.cdgiindia.net | ई-मेल: cdgifzbd@gmail.com

विज्ञापन / ADVERTISEMENT

परियोजना / संविदा आधार पर जनशक्ति की अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

विज्ञापन संख्या	CDGI/ADMN/02/2026-27	**दिनांक**	07/11/2026
कार्य का नाम	परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी	**आवेदन की अंतिम तिथि**	20/11/2026

कांच उद्योग विकास केंद्र (CDGI), फिरोजाबाद द्वारा परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी (**Ambient Air Quality Monitoring**) के अंतर्गत निम्नलिखित पदों पर योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नियुक्ति/तैनाती की प्रक्रिया लागू नियमों एवं स्वीकृत व्यवस्था के अनुसार की जाएगी।

1. रिक्त पदों का विवरण

क्र. सं.	पद का नाम	श्रेणी	पदों की संख्या	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	वांछित कौशल/अनुभव	तैनाती का स्थान
1.	प्रदूषण निगरानी मशीन ऑपरेटर (Pollution Monitoring Machine Operator	अर्ध-कुशल	03	न्यूनतम 12वीं (विज्ञान विषय सहित) उत्तीर्ण अथवा ITI उत्तीर्ण।	बिजली, कंप्यूटर, यांत्रिक मशीनों/उपकरणों तथा प्रदूषण का बुनियादी ज्ञान।	**मैनपुरी** स्थित परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन।
2.	प्रदूषण निगरानी मशीन ऑपरेटर (Pollution Monitoring Machine Operator	अर्ध-कुशल	02	न्यूनतम 12वीं (विज्ञान विषय सहित) उत्तीर्ण अथवा ITI उत्तीर्ण।	बिजली, कंप्यूटर, यांत्रिक मशीनों/उपकरणों तथा प्रदूषण का बुनियादी ज्ञान।	**इटावा** स्थित परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन।

2. कार्य एवं दायित्व, नियुक्ति की प्रकृति एवं अवधि, पारिश्रमिक

क्र. सं.	विषय	विवरण
1.	कार्य एवं दायित्व	1. परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरणों के संचालन, नियमित जांच एवं सामान्य रखरखाव में तकनीकी टीम के निर्देशानुसार कार्य करना। 2. PM10, PM2.5, SOx एवं NOx की निगरानी संबंधी कार्यों में सहायता करना। 3. फिल्टर पेपर नमूनों का संग्रह, पहचान, सुरक्षित रख-रखाव, पैकिंग तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार CDGI, फिरोजाबाद तक सुरक्षित परिवहन करना। 4. दैनिक निगरानी रजिस्टर, उपकरण लॉग-बुक, नमूना रिकॉर्ड एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का रख-रखाव तथा पर्यवेक्षक को रिपोर्ट प्रस्तुत करना। 5. उपभोग्य सामग्री/रसायनों के सुरक्षित भंडारण एवं अभिलेख का रख-रखाव करना तथा लागू सुरक्षा निर्देशों का पालन करना। 6. परियोजना से संबंधित अन्य क्षेत्रीय निगरानी कार्य, जो अधिकृत पर्यवेक्षक/तकनीकी समन्वयक द्वारा सौंपे जाएं। 7. कार्य CDGI द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं आवश्यकता के अनुसार सप्ताह में 02 दिन किया जाएगा।
2.	कार्य अवधि	1. कार्य CDGI द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं आवश्यकता के अनुसार सप्ताह में 02 दिन किया जाएगा। 2. AAQM परियोजना की आवश्यकता के अनुसार दीपावली के अवसर पर लगातार 15 दिनों तक निगरानी कार्य करना होगा, जिसमें दीपावली से 07 दिन पूर्व एवं 07 दिन पश्चात की अवधि शामिल होगी।

3.	नियुक्ति की प्रकृति	नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं परियोजना/कार्य-आधारित होगी।
4.	नियुक्ति की अवधि	नियुक्ति की अवधि परियोजना की स्वीकृत अवधि, आवश्यकता एवं संतोषजनक कार्य-निष्पादन के अधीन होगी।
5.	नियुक्ति/तैनाती की व्यवस्था	नियुक्ति/तैनाती स्वीकृत व्यवस्था के अनुसार, आवश्यकतानुसार मैनपावर सर्विस एजेंसी के माध्यम से की जाएगी।
6.	नियमित नियुक्ति का अधिकार	इस नियुक्ति से CDGI में नियमित नियुक्ति अथवा स्थायी समायोजन का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
7.	पारिश्रमिक	पारिश्रमिक संबंधित पद/श्रेणी के लिए लागू दरों तथा स्वीकृत नियमों एवं शर्तों के अनुसार देय होगा।

3. चयन प्रक्रिया एवं नियुक्ति

क्र. सं.	विषय	विवरण
1.	आवेदन पत्रों की छंटनी	प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रारंभिक छंटनी CDGI द्वारा निर्धारित पात्रता के आधार पर की जाएगी।
2.	चयन प्रक्रिया	पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं/अथवा व्यावहारिक/तकनीकी दक्षता परीक्षण हेतु आमंत्रित किया जा सकता है।
3.	औपचारिक नियुक्ति एवं तैनाती	जहाँ लागू हो, चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थियों की औपचारिक नियुक्ति एवं तैनाती अधिकृत मैनपावर सर्विस एजेंसी के माध्यम से की जाएगी।

4. आवेदन प्रक्रिया

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन/बायोडाटा निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ अंतिम तिथि तक ई-मेल अथवा डाक द्वारा भेजें:

- अद्यतन बायोडाटा (CV/Resume)।
- शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी प्रमाण-पत्रों की प्रतियाँ।
- अनुभव प्रमाण-पत्र, यदि उपलब्ध हो।
- पहचान प्रमाण-पत्र एवं नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो।

ई-मेल: cdgifzbd@gmail.com

डाक द्वारा आवेदन का पता: प्रधान निदेशक, कांच उद्योग विकास केंद्र (CDGI), A-1/1, औद्योगिक क्षेत्र, जलेसर रोड, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश – 283203.

5. सामान्य शर्तें

1. अपूर्ण आवेदन अथवा निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे।
3. चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता (TA/DA) देय नहीं होगा।
4. CDGI को विज्ञापन/चयन प्रक्रिया में संशोधन, स्थगन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5. गलत अथवा भ्रामक जानकारी दिए जाने पर अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।
6. चयन प्रक्रिया के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

प्रशासनिक अधिकारी (प्रभारी)
कृते प्रधान निदेशक
कांच उद्योग विकास केंद्र (CDGI)
फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश